‘छत्तीसगढ़ हर्बल्स’ के गुणवत्ता परीक्षण के लिये 5 प्रयोगशाला स्थापित

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ‘छत्तीसगढ़ हर्बल्स’ ब्रॉन्ड के तहत उत्पादित किये जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये राज्य में 5 गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की गई है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में इसका शुभारंभ किया गया था। इन प्रयोगशालाओं के संचालन का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किया जाएगा।
- वन वृत्त स्तर पर रायपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, कांकेर तथा बिलासपुर में स्थापित इन प्रयोगशालाओं में परीक्षण उपरांत प्राथमिक तौर पर उत्पादों की गुणवत्ता संबंधी प्रमाण-पत्र जारी किये जाएंगे। इससे छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पादों के विक्रय को देश तथा देश के बाहर और बढ़ावा मिलेगा।
- प्रयोगशाला में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप 65 लघु वनोपज एवं 59 औषधीय, 46 खाद्य, 7 कॉस्मेटिक तथा अन्य 22 उत्पादों का परीक्षण किया जाएगा। इनमें संबंधित वृत्त के अंतर्गत आने वाले सभी ज़िला यूनियन तथा वन-धन विकास केंद्रों के उत्पादों का परीक्षण होगा।
- गौरतलब है कि राज्य में लघु वनोपजों के प्रसंस्करण में 8 हज़ार 11 स्व-सहायता समूह के सदस्य कार्य कर रहे हैं। इनके द्वारा तैयार किये गए उत्पादों के विपणन के लिये यह आवश्यक है कि समय-समय पर इनकी गुणवत्ता तथा घटकों का परीक्षण मान्यताप्राप्त प्रयोगशालाओं में किया जाए।
- छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज, हर्बल उत्पाद एवं हर्बल औषधि के परीक्षण के लिये पर्याप्त प्रयोगशाला नहीं थीं, इसे ध्यान में रखते हुए इन प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/five-laboratories-set-up-for-quality-testing-of-chhattisgarh-herbals